# फैमली टाइम्स

RNI NO : PUNMUL/2009/2902 | 12 , JUNE , 2025 | PAGES : 16 | E-PAPER

# द. अफ्रीका ने 4 विकेट पर बनाए 43 रन, बावुमा-बेडिंघम क्रीज पर; ऑस्ट्रेलिया से 169 रन पीछे




विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका और गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर ऑलआउट कर दिया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में चार विकेट खोकर 43 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक सफलता अपने नाम की। पहले दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान टेम्बा बावुमा तीन और डेविड बेडिंघम आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका 169 रन पीछे है।


CCL
MC-2435
FREE HOME SAMPLE COLLECTION
What We Are:
CGHS CAPF SBI SCL EMPANELLED
NABL ACCREDITED
EXPERT PHLEBOTOMISTS
TRUSTED SINCE 1998
FAST & ACCURATE REPORTS
CONTACT US
FREE
9781690222 | 9781070222 | SCO 9, SECTOR 16 -D,CHD

# चंडीगढ़ में भीषण गर्मी का कहर: 44 डिग्री सेल्सियस पारे से लोग बेहाल, बिजली की मांग पीक पर पहुंची



मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया है। शहर के कई हिस्सों में बिजली कट भी बढ़ गए हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सिटी ब्यूटीफुल भीषण गर्मी की चपेट में है। गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग गर्मी और उमस से बेहाल हैं। मंगलवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। चंडीगढ़ एयरपोर्ट के आसपास तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शहरी इलाकों में यह 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया है।

# चंडीगढ़ प्रशासन में बड़ा फेरबदल: स्वप्निल नाइक बने सिटको चेयरमैन, आबकारी सचिव पद पर आए मोहम्मद मंसूर



आईएएस मोहम्मद मंसूर को सचिव कोऑपरेशन, सचिव खाद्य एवं आपूर्ति व उपभोक्ता मामले और सचिव आबकारी एवं कराधान बनाया गया है। ये पद पहले प्रेरणा पुरी और अजय चगती के पास थे।

चंडीगढ़ में तीन आईएएस अधिकारियों के शामिल होने के बाद उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आईएएस स्वप्निल एम नाइक को सचिवहॉस्पिटेलिटी, चेयरमैन सिटको और ओएसडी पर्सनल की जिम्मेदारी दी गई है। वे इस कार्यभार में अनुराधा एस. चगती और अजय चगती का स्थान लेंगे ।आईएएस प्रदीप कुमार को नगर निगम का स्पेशल कमिश्नर, सचिव कृषि और सचिव पशुपालन एवं मत्स्य पालन की जिम्मेदारियां दी गई हैं। हरि कल्लीकट को इन पदों से मुक्त किया गया है।आईएएस मोहम्मद मंसूर को सचिव कोऑपरेशन, सचिव खाद्य एवं आपूर्ति व उपभोक्ता मामले और सचिव आबकारी एवं कराधान बनाया गया है। ये पद पहले प्रेरणा पुरी और अजय चगती के पास थे, लेकिन अब इनकी जिम्मेदारी मोहम्मद मंसूर को दी गई है। यह आदेश मुख्य सचिव राजीव वर्मा की तरफ से जारी किए गए हैं।


Healthy but Tasty
SIZZ
LER
FREE
LEMON
SODA
PRICE
549/-
oven
Roast & Grill 35
SCO 475-76, SECTOR 35-C , 9855475476

# कनाडा में वर्क परमिट में बदलाव: अब परमिट आने से पहले बदल सकते हैं नौकरी, पंजाबी युवाओं को सबसे ज्यादा फायदा

कनाडा के इमिग्रेशन एक्सपर्ट परविंदर सिंह मोंटू का कहना है कि नए वर्क परमिट नियमों के तहत वैध वर्क परमिट वाले विदेशी श्रमिकों को नया काम शुरू करने से पहले एक नया वर्क परमिट लेने की जरूरत होती है, वह अपने वर्क परमिट आवेदन लंबित रहने के दौरान नया काम शुरू कर सकते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों के लिए वर्क परमिट नियमों में बदलाव किया है। इसका सबसे अधिक फायदा पंजाबी समुदाय के युवाओं को होगा, जो कनाडा में नौकरी व वर्क के लिए जूझ रहे हैं।

कनाडा की करीब 4 करोड़ की आबादी में 14 लाख लोग भारतीय मूल के हैं। भारतीय बड़ी तादाद में पढ़ने और काम करने कनाडा जाते हैं। ऐसे में वर्क परमिट में छूट का भारतीयों को बड़ा लाभ होगा। हाल ही में पिछले दिनों वर्क परमिट और नौकरी को लेकर काफी वीडियो वायरल हो रहे थे।



# कैम्बवाला गांव में 30 से ज्यादा अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

कैम्बवाला गांव में मंगलवार को 30 से ज्यादा अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। कोर्ट के आदेश के बाद सुखना जलग्रहण क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया गया। दो पोकलेन मशीनों तथा एक जेसीबी मशीन की सहायता से अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 20 अवैध व्यावसायिक दुकानें, शोरूम, 9 टिन शेड, एक बाउंड्री वॉल तथा दो खोखे ध्वस्त किए गए। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रही, जिससे कि कोई बवाल न हो सके। यहां ध्वस्तीकरण के लिए पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने आदेश जारी किया है। न्यायालय ने इस क्षेत्र में किसी भी आवासीय कॉलोनी या निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी है।



# पीजीआई बताएगा...क्यों बढ़ गए अचानक हार्ट अटैक




हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों और उससे होने वाली मौतों पर पीजीआई में किया जा रहा शोध संवाद न्यूज एजेंसी चंडीगढ़। देशभर में अचानक बढ़ रहे हार्ट अटैक और उससे होने वाली मौतों पर पीजीआई में शोध किया जा रहा है। इस शोध का उद्देश्य हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे के कारणों का पता लगाना है। यह जानकारी पीजीआई के सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की ओर से आयोजित चौथे स्नातकोत्तर अंतरराष्ट्रीय वैक्सीनोलॉजी हैं। कोर्स कार्यक्रम के दौरान डॉ. मधु गुप्ता ने दी। इसमें देश भर के 70 से अधिक प्रोफेशनल भाग ले रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान लोगों ने दो प्रकार की वैक्सीन लगवाईं। अब देश भर में उनके दुष्प्रभावों को लेकर चर्चाएं चल रही । पीजीआई के डॉक्टरों का कहना है कि कोविड संक्रमण से भी हार्ट अटैक हो सकता है। संस्थान यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि हार्ट अटैक के बढ़ते मामले कोरोना से बचाव के लिए लगाई गई वैक्सीन के कारण हो रहे हैं या स्वयं कोरोना संक्रमण के कारण। पीजीआई में यह भी अध्ययन किया जा रहा है कि संक्रमण के कितने मामले अधिक हो रहे हैं। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि इस स्तर पर मरीजों को यह बताना मुश्किल है कि हार्ट अटैक कोविड संक्रमण से हुआ है या कोविड वैक्सीन से। यह अध्ययन के बाद ही पता चल सकेगा कि हार्ट अटैक से होने वाली मौतों के पीछे वैक्सीन का कोई कारण है या नहीं। यदि वैक्सीन एक कारण है, तो पीजीआई यह जानने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, अभी तक वैक्सीन से इसका कोई सीधा संबंध सामने नहीं आया है।


# समर कैंप में युवाओं ने सीखें गोल्फ के खेल के गुर



चंडीगढ़। युवा खिलाड़ियों के लिए चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जूनियर गोल्फ समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में शामिल प्रतिभागियों को अनुभवी कोच ने गोल्फ की खेल की बारीकियों की जानकारी दी । इस दस दिवसीय कैंप में 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें लड़के और लड़कियां शामिल हुए। सबसे छोटी उम्र के चार साल के बच्चे ने भी इसमें हिस्सा लिया। जूनियर गोल्फ समर कैंप में ट्रेनिंग देने के लिए अनुभवी कोच महेश कुमार, सानिया शर्मा के साथ महिला गोल्फर तवलीन बत्रा मौजूद रहीं। कैंप के अंतिम दिन इन युवा प्रतिभागियों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें प्रतिभागियों ने खेल-कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे उन्होंने कैंप के दौरान सीखा था।

# गठबंधन पर सुनील जाखड़ का बड़ा बयान: जब टेबल पर बैठेंगे तो देखेंगे कौन क्या लेकर आया, तब होगी चर्चा

सेक्टर-17 में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत के दौरान जाखड़ ने कहा कि वह आईएएस अधिकारी कृष्ण कुमार की प्रशंसा करते हैं जोकि राज्य में पानी की सप्लाई के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। अब तक उनके गांवों में किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचा है। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बड़ा बयान दिया है। जाखड़ ने कहा कि जब टेबल पर बैठेंगे तो देखेंगे कि कौन क्या लेकर आया। तब इस पर चर्चा होगी। जाखड़ ने कहा कि भाजपा 117 का लक्ष्य लेकर चली है। साथ ही जाखड़ ने मान सरकार की नहरी पानी योजना पर सवाल खड़ा किया है। जाखड़ ने कहा कि वह क्रेडिट लेने में विश्वास नहीं रखते, लेकिन लोगों को सच पता होना चाहिए।




# डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा अलग-अलग न लेकर आने वालों के काटे चालान





कूड़ा इकट्ठा करके रेहड़ियों और टेंपो आदि से बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में लेकर आने वाले सफाई कर्मियों को नगर परिषद के उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देश जारी किए हुए हैं कि सभी सफाईकर्मी गीला तथा सूखा कूड़ा अलग-अलग करके ही डंपिंग ग्राउंड में लेकर आएं। इन आदेशों के बावजूद भी कूड़ा अलग- अलग करके डंपिंग ग्राउंड में नहीं लाया जा रहा है। इसके चलते गीला तथा सूखा कूड़ा अलग-अलग नहीं लेकर आने वाले रेहड़ी तथा टेंपो चालकों के मंगलवार को चालान किए गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जाती है और आगे भी जारी रहेगी।

# सिसवां बद्दी रोड पर पलटा ओवरलोडेड ट्रक, लगा जाम




मंगलवार सुबह सिसवां बद्दी रोड पर एक ओवरलोडेड ट्रक पलटा गया। यह ओवरलोडेड ट्रक चंडीगढ़ से बद्दी की तरफ जा रहा था और जब वह सिसवां बद्दी मार्ग पर पहुंचा तो वह चढ़ाई चढ़ते अचानक पलट गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को साइड करवाया। इसके बाद वाहनों को निकालने का रास्ता बनाया गया। गनीमत रही जब ट्रक पलटा तो इसके आसपास कोई गाड़ी या व्यक्ति नहीं था जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।ओवरलोडेड ट्रक पलटने से करीब चार से पांच घंटे सिसवां बद्दी रोड पर भारी ट्रैफिक जाम लगा रहा जिससे लोग काफी परेशान रहे। पुलिस को जाम खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# पंचकूला में कोरोना के तीन नए मामले आए



जिले में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सिविल अस्पताल में मंगलवार को कोरोना के तीन नए मामले सामने आए हैं। अब सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। सिविल अस्पताल के पीएमओ आरएस चौहान ने बताया कि बुढ़नपुर की 23 साल की युवती, सूरजपुर के 49 साल के और सेक्टर-21 के 47 साल के व्यक्ति की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। इन नए मामलों के साथ जिले में अब तक कुल 15 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। अब तक इसमें छह मरीज ठीक होकर स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने लोगों से मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और बार-बार हाथ धोने की अपील की है।

# सीएम सैनी को भेजा दस एकड़ जमीन का प्रस्ताव




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की फाइल पर कलम चलते ही पंचकूला सेक्टर-32 में बनने वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की बिल्डिंग को गति मिल जाएगी। जहां बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है, उसके लिए 10 एकड़ जमीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से नहीं मिली है। इसके एवज में एचएसवीपी बोर्ड से करीब 80 करोड़ रुपये मांग रहा है। इसकी मंजूरी के लिए टेक्निकल एजुकेशन बोर्ड ने हरियाणा के सीएम को प्रस्ताव की फाइल भेज दी है। वहीं, प्रोजेक्ट से जुड़ा डीपीआर भी अभी तक तैयार नहीं हो पाया है। इसके लिए अभी बैठक होनी है।

# पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के प्रधान से सुनीं वर्करों की समस्याएं




हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ-2106 की मासिक बैठक गांव मट्टावाला के ट्यूबवेल नंबर-1 पर हुई। यह बैठक जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं जिला प्रधान हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जसविंदर राणा ने किया और जिला प्रधान शंभू गुर्जर श्यामटू ने वर्करों की समस्याएं सुनीं। कर्मचारियों ने एक्सईएन समीर शर्मा, एसडीओ धर्मेंद्र और जेई लोकेश कुमार और इंद्रजीत धन्यवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों की पहली मांगों को पूरा करवाया और दो महीने का वेतन दिलवाने का काम किया। इस मौके पर ओमप्रकाश शास्त्री ने एसओपी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को मीडिया से बातचीत में सर्विस एक्ट लागू करने में हो रही देरी के बारे में बयान दिया है।

# LOW PRICE ADVERTISEMENT PLAN

## 7 DAYS

**RS.2000/-**

- FULL PAGE SIZE
- DAILY REACH OF 10K BUSINESS MAN
- DAILY NEW ADS

Get Now

## 15 DAYS

**RS.3000/-**

- FULL PAGE SIZE
- DAILY REACH OF 10K BUSINESS MAN
- DAILY NEW ADS

Get Now

## 1 MONTH

**RS.5000/-**

- FULL PAGE SIZE
- DAILY REACH OF 10K BUSINESS MAN
- DAILY NEW ADS

Get Now

## 3 MONTHS

**RS.10,000/-**

- FULL PAGE SIZE
- DAILY REACH OF 10K BUSINESS MAN
- DAILY NEW ADS

Get Now